>

Title: Need to early implementation of the recommendations of Justice Ranganath Mishra Commission on Dalit Muslims and Dalit Christians.

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव (झंझारपुर) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं राष्ट्रीय महत्व के तात्कालिक महत्वपूर्ण विषय की ओर आपके माध्यम से केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। सच्चर समिति की रिपोर्ट आने का बाद केन्द्रीय सरकार ने निर्णय लिया था कि जस्टिस रंगनाथ मिश्र आयोग की अनुशंसा आने के बाद उसका अनुपालन किया जाएगा। 6 माह हो गए हैं। 21 मई 2007 को यह रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत कर दी गई, हस्तगत कर दी गई। दलित मुस्लिम तथा दलित क्रिश्चियन के सामाजिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक हालत का अध्ययन कर जस्टिस रंगनाथ मिश्र आयोग ने उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए कतिपय अनुशंसा कर दी है। सरकार ने रंगनाथ मिश्र आयोग की सिफारिशों को सिद्धान्त रूप में स्वीकार कर लिया है लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि रंगनाथ मिश्र आयोग की अनुशंसा को अभी तक सदन में प्रस्तुत नहीं किया गया है और न ही सरकार ने कोई कार्य योजना उसके अनुपालन के लिए बनायी है। कैबिनेट ने यह स्पष्ट नहीं किया था कि 11वीं पंचवर्षीय योजना में रंगनाथ मिश्र आयोग की सिफरिशों को शामिल किया जा रहा है या नहीं? दलित मुस्लिम तथा दलित क्रिश्चियन सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक दृष्टिकोण से काफी पिछड़े हैं। उन्हें राष्ट्र की मुख्य धारा में लाने तथा ऊपर उठाने की जरूरत है तभी हमारा राष्ट्र मजबूत होगा। दौलत पैदा करने वाले जो लोग हैं, जब तक दलित मुस्लिम और दलित क्रिश्चियन को एससी का दर्जा नहीं दिया जाएगा तब तक वे राष्ट्र की मुख्य धारा से जुड़ नहीं पाएंगे। मैं मांग करता हूं कि सदन में रंगनाथ मिश्र आयोग की अनुशंसा को तुरन्त प्रस्तुत किया जाए और सरकार कोई कार्य योजना बना कर, आगे की कार्रवाई करे।

MD. SALIM (CALCUTTA – NORTH EAST): Sir, I associate with him.

MR. SPEAKER: I am very liberal today. Though you have not given any notice, I will allow you to associate with him.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : मैं भी एसोसिएट करना चाहता हूं।

अध्यक्ष महोदयः आप सब मेहरबानी करके एक स्लिप भेज दीजिए।

श्री देवेन्द्र प्रसाद यादव : आयोग बनता है लेकिन रिपोर्ट पेश नहीं की जाती है।

अध्यक्ष महोदयः देवेन्द्र जी, आपने मुद्दा उठाया है।

â€¦(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदयः श्री राम कृपाल यादव, श्री गणेश प्रसाद सिंह और श्री विजयकृष्ण इसमें एसोसिएट करते हैं।

श्री गिरधारी लाल भार्गव (जयपुर) : अध्यक्ष महोदय, मैं भी इसके साथ एसोसिएट करना चाहता हूं।

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर): अध्यक्ष महोदय, मैं डिसएसोसिएट करता हूं। ...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Nothing, except Shri Francis George, will go on record.

(Interruptions) â€¦*

अध्यक्ष महोदयः आज आप सब ने इतने अच्छे-अच्छे मुद्दे उठाए हैं, अब ऐसे क्यों कर रहे हैं?

---

* Not recorded